




# सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़े विशाल पेड़

## नपा मकरोनिया क्षेत्र में हाऊसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित कॉलोनी पद्माकर नगर में जड़ से काट दिए गए पेड़

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर से सटी नगर पालिका मकरोनिया में हाऊसिंग बोर्ड द्वारा ढाई दशक पूर्व निर्मित कॉलोनी पद्माकर नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर आज विशाल पेड़ काट दिए गए. पेड़ों को काटने के पीछे नपा अध्यक्ष और सीएमओ गोल-मोल जवाब देते रहे.**



मालूम हो कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा ढाई दशक पूर्व आवासीय कॉलोनी के रुप में पद्माकर नगर का निर्माण कराया गया था. भले ही आज की स्थिति में पद्माकर नगर पंचायत से लेकर नपा के कार्यकाल तक व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के रुप में विकसित हो चुका है. आवासीय कॉलोनी को व्यवसायिक काम्पलेक्स के रुप में अनुमतियां दबे-छिपे दी जाती रहीं मगर संपत्ति कर के रुप में आज भी नगर पालिका पीछे है. मिली जानकारी के अनुसार आज बुधवार को पद्माकर नगर स्थित एक निजी अस्पताल के आसपास पेड़ काटना शुरु किया गया. देखते ही देखते कॉलोनी के विशाल पेड़ टुकड़ों-टुकड़ों में तब्दील हो गए. जब जानकारी एकत्रित की गई कि पेड़ किस उद्देश्य से काटे जा रहे हैं तो नपा के जिम्मेदारों में किसी ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण हो रहा है तो किसी ने बताया कि बारिश को देखते हुए पेड़ों की छटाई की जा रही है. तो वहीं हाऊसिंग बोर्ड द्वारा पूर्व में बनाई गई सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाने की दिशा में भी यह कार्रवाई आगे बढ़ेगी. मालूम हो कि ढाई दशक पूर्व हाऊसिंग बोर्ड द्वारा कॉलोनी निर्माण के दौरान चौड़ी सड़क बनाई गई थी जो धीरे-धीरे सकरी होती गई और रहवासियों के मकान के आगे बड़े-बड़े पेड़ खड़े हो गए. मालूम हो कि पिछले वर्ष प्रदेश सरकार ने किसी भी निर्माण कार्य में बगैर अनुमति के पेड़ काटे जाने पर जुर्माना तय किया गया था और जरुरत के अनुसार ही अनुमतियां प्रदान की जा सकती हैं.

**नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार** ने बताया कि पद्माकर नगर में सिटी लिंक रोड पर स्थित सामुदायिक भवन से रजाखेड़ी को जोड़ने वाली सड़क के किनारे निजी अस्पताल तक सड़क चौड़ीकरण के लिए निविदा बुलाई गई थी और निविदा मंजूर होकर वर्कऑडर भी दिया जा चुका है. जिसके तहत ही निर्माण कार्य शुरु होना है जो कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा पूर्व में बनाई गई सड़क के अनुरूप ही बनाई जायेगी. **सीएमओ पवन शर्मा** ने बताया कि उनकी जानकारी में पेड़ों की छटाई की जा रही है. पेड़ काटने जैसी कोई सूचना नहीं है. जानकारी प्राप्त कर अवगत कराया जायेगा. कितने पेड़ काटे जायेंगे यह अभी पता नहीं?

# राजस्व रिकॉर्ड में कृषि भूमि में हेरफेर

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 2 जुलाई. राज्य शासन ने गरीब अनुसूचित जाति जनजाति, आदिवासियों के लिए भूअधिकार के पट्टे वर्ष 1985-86 में ब्लॉक के ग्राम हिरनखेड़ा में इस उद्देश्य को लेकर दिए गए थे कि गरीब परिवार का पालन पोषण कर सके. शासन ने गांव में 67 लोगों को कृषि भूमि के पट्टे दिये थे, जिसमें सभी वर्ग के गरीब हितग्राही शामिल रहे और अपनी-अपनी कृषि भूमि पर किसानी का काम करते आये.**



पट्टा धारक वीरसींग सौर आदिवासी, कल्लू अहिरवार, मौजीलाल अहिरवार, रामदयाल अहिरवार, गजराज अहिरवार की कृषि भूमि के खसरा नंबर नये बंदोबस्त में परिवर्तन कर दिये गये. खसरा नंबर 366/36, 366/37, 366/38, 317/35 की जगह पर नए खसरा नंबर 563, 564, 565, 566 में गांव के शाहिद अली पिता सैयद अली, नजबुन पत्नि शाहिद अली, नजबून पिता रसीद खां के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज हुये है जो कि पूर्व में वह खसरा नंबर हरिजन, आदिवासियों के लिए पट्टे में जगह दी गई थी उनके नाम ही नये रिकार्ड में दर्ज ही नहीं है. मामला राजस्व विभाग के कारण गरीब अजा, जजा पट्टेधारकों को भूमि से बेदखल किया गया. जाँच की मांग को लेकर एसडीएम अशोक सेन को ज्ञापन दिया है.

### निरस्त हुए थे कुछ पट्टे

शासन ने 67 पट्टे बाटे जिसमें करीब 10-15 पट्टे निरस्त हुए है परंतु पूर्व से काबिज हुए किसानों को इसकी जानकारी भी नहीं थी कि उनका पट्टा निरस्त हो चुका है. कई सालों के बाद किसानों को जानकारी मिली तो उनके पैर के नीचे से जमीन खिसक गई. पट्टे धारकों ने बताया कि अजा जजा की कृषि भूमि पर शाहिद व नजबुन अली कैसे भूमि स्वामी हुए. उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड में बनवा रखा है, इसकी जाँच उच्चाधिकारियों से कराये जाने की मांग किसानों ने की है.

## एक नजर में



### जनसुनवाई में समस्याओं का निराकरण

**सागर.** नगर निगम के नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये आयोजित की गई. जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु आवेदन संबंधित विभागों को भेजकर आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में एस एस बघेल, विजय दुबे, संजय तिवारी उपस्थित थे.




### नेत्र परीक्षण शिविर में 48 मरीज चिन्हित

**सागर.** लायंस क्लब एवं जैन मिलन मकरोनिया द्वारा श्री सतगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर लटेरी के सहयोग से एक दिवसीय नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में आयोजित किया गया. शिविर प्रभारी गुलझारी लाल जैन एवं सुरेश जैन ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में कुल 172 मरीजों का परीक्षण किया गया. जिसमें से 45 मरीजों की मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चयन किया जाकर ऑपरेशन हेतु बस द्वारा आनंदपुर भेजा गया. इस दौरान डॉ. प्रशांत कटारे, डालचंद जादौन, दीपक सिंह, रामजी, धर्मेंद्र यादव एवं शैलेंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, डॉ. तेजन्दर सिंह, डा. दीपिका जैन का ला. महेश प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा सम्मान किया गया.



### वेदांती मंदिर पर महा आरती का आयोजन

**सागर.** आषाढ़ माह के तृतीय मंगलवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राहुल नामदेव द्वारा पंतनगर वार्ड वेदांती मंदिर पर महा आरती का कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर लीगल राइट्स की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अनु शैलेंद्र जैन, अंत्योदय समिति अध्यक्ष प्रतिभा रामेश्वर चौबे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक अर्पित पांडे, पार्षद मेघा दुबे, जिपं सदस्य सर्वजीत सिंह, नितिन सोनी, पार्षद नीरज कोरी, रविंद्र ठाकुर, धनंजय साहू, प्रशांत कोष्ठा, नवनीत भदोरिया, जय सोनी आदि उपस्थित रहे.



### महिला परिषद की इकाईयों का सम्मान

**ललितपुर.** ब्राह्मी सुंदरी जैन महिला संभाग के अंतर्गत आने वाली सभी इकाईयों का सम्मान समारोह श्रीमती अनुपमा जैन बजाज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. जिसमें सभी इकाइयों के अध्यक्ष मंत्री एवं कोषाध्यक्ष चुने सभी को उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया. इस दौरान श्रीमति निर्मला जैन, दर्शना सराफ, मंजू केलवारा, संगीता जैन, नेहा जैन, नीलम जैन, रश्मि जैन, जयश्री जैन, मनीषा, वर्षा डॉ सरिता उपस्थित रहीं.

### पेट्रोल पंप पर दबंगों ने किया हमला

**ललितपुर.** कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मीपुरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुए हमले के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. शिकायतकर्ता संजय जायसवाल ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई संजीव जायसवाल और कर्मचारी रवि रजक के साथ पेट्रोल पंप पर मौजूद थे. तभी रोहित पटेल निवासी चौकाबाग अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और पेट्रोल पंप के कमरे में एक बैग रखने लगा. कर्मचारी ने उसे मना किया, तो रोहित और उसके साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी.

# एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक



नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. महिला एवं बाल विकास परियोजना शहरी-2 एवं 1 अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया के सबंध में एसडीएम अदिति यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में नियुक्ति प्रक्रिया में नवीन संशोधनों के संबंध में परियोजना अधिकारी साधना खटीक एवं रजनी बारोलिया द्वारा उपस्थित समिति के सदस्य पार्षद नरयावली नाका वार्ड श्रीमती सोमेश कंचन जडिया, पार्षद वृंदावन वार्ड श्रीमती शैलेष संगीता जैन एवं प्रशासकीय अधिकारी तब्बसुम खान सहायक आयुक्त नगर निगम का अवगत/उन्मुखीकरण किया गया.

# कॉन्वेंट स्कूल में जिमनास्टिक हॉल का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. मकरोनिया स्थित सेंट मेरी स्कूल में जिमनास्टिक हॉल का शुभारंभ डाइसिस के विशप जेम्स एथेकलम द्वारा किया गया.**

यह कक्षा एलकेजी से कक्षा 2 के बच्चों के लिए आधारभूत खेल कौशल विकास पर केंद्रित है, जिसमें जिमनास्टिक की प्रारंभिक गतिविधियाँ सम्मिलित हैं. कार्यक्रम में डिजाइन किए गए रंग-बिरंगे, संशोधित और बाल-सुरक्षित उपकरणों का उपयोग किया गया है. ताकि स्वस्थ और आत्मविश्वासी बन सकें.



विशप जेम्स एथेकलम ने कहा कि बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता प्रारंभिक उम्र से ही विकसित की जानी चाहिए ताकि उनका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास संतुलित रूप से हो सके. संस्था के प्रबंधक फादर साबू ने कहा कि इस कार्यक्रम के शुभारंभ होने से छोटे बच्चों के शरीरिक विकास के साथ-साथ उनमें एकग्रता, धीरज, कलात्मकता आदि का विकास होने में भी बहुत मदद मिलेगी. इस अवसर पर पोर्टीब्रेन कंपनी के निदेशक करण भोगले, फादर जितेन्द्र, सिस्टंर रीना, सिस्टर कृपा एवं ट्रेनर हिमांशु आदि मौजूद रहें.

### प्रतिभा चयन कल

**सागर.** मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2025 हेतु राज्य शूटिंग अकादमी के लिए प्रतिभा चयन ट्रायल 4 जुलाई को खेल परिसर में प्रातः 9 बजे होगा. प्रतिभा चयन कार्यक्रम में खिलाड़ियो का चयन किया जावेगा. खिलाड़ी जरूरी दस्तावेंजो के साथ आधारकार्ड अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, फोटो के साथ चयन ट्रायल स्थल खेल परिसर स्थित एथलेटिक्स ट्रैक पर देनी होगी. इच्छुक प्रतिभागी की आयु 1 जनवरी की स्थिति में आयु 12वर्ष एवं 18वर्ष से कम होना चाहिए.

# अधिकारियों ने पार्क स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**बीना 2 जुलाई. नपाध्यक्ष लता सकवार ने इंदिरा गांधी वार्ड में मुक्तिधाम के समीप रेलवे क्षेत्र में खाली जगह पर रेल्वे अधिकारियों को पत्र लिखकर पार्क निर्माण की मांग की थी.**

रेल्वे के सहायक मंडल इंजीनियर के साथ नपा अध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पार्क निर्माण से जुड़ी संभावनाओं, जमीन की स्थिति एवं स्वीकृतियों पर चर्चा की गई. यह स्थान मोतीचूर नदी के निकट एवं शनि मंदिर के पास स्थित होने के कारण हरियाली, शांति का अनुभव वाला क्षेत्र बन सकता है.



नपा अध्यक्ष लता सकवार ने बताया कि रेलवे के सहयोग से व्यवस्थित पार्क का निर्माण किया जाएगा, जिससे वार्डवासियों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा. निरीक्षण के दौरान पार्क के डिजाइन, सुरक्षा, जल निकासी और पेड़-पौधों की संभावित व्यवस्था और नागरिकों की सुविधाओं से संबंधित बिंदुओं पर अधिकारियों ने सुझाव साझा लिए. रेलवे विभाग द्वारा जमीन की उपलब्धता और अन्य तकनीकी स्वीकृतियों के बाद शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने की संभावना व्यक्त की .इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति जितेंद्र बोहरे, हरिओम चौबे, प्रहलाद यादव, नपा उपयंत्री जयदीप शाक्यवार सहित विभागीय अधिकारी और रहवासी भी मौजूद रहे.

### जिले में अब तक 178.1 मिमी बारिश

**सागर.** इस वर्षा सीजन में अभी तक 178.1 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है. जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 290.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है.सागर केन्द्र में 143.0, जैसीनगर में 128.0, राहतगढ़ में 290.5, बीना में 165.2, खुरई में 219.7 मिमी, मालथौन में 180.0 मिमी, बंडा में 155.4, शाहगढ में 180.0, गढ़ाकोटा में 189.6, रहली में 192.6 देवरी में 95.4 तथा केसली में 197.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है.

# वैश्य महासम्मेलन की बैठक




नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. वैश्य महासम्मेलन के जिला बैठक संपन्न हुई.**

मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता ने बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष संदेश जैन ने कहा कि प्रदेश में हमारे वैश्य समाज के लगभग 24 प्रमुख घटक समाज हैं, जिनका सीमित संख्या बल है. इस दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी, युवा प्रदेश महामंत्री सचिन जैन, महिला संभागीय अध्यक्ष विनीता केसरवानी, युवा संभागीय अध्यक्ष नितिन जैन, जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, जिला प्रभारी श्रेयांश जैन, महिला जिला प्रभारी दीप्ति गुप्ता आदि मौजूद रहीं.

# निधन पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 2 जुलाई. साहू समाज के संरक्षक काशीराम बाबा की श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम संपन्न हुआ.**

संचालन रामस्वरूप एड. एवं सत्यनारायण एड. ने किया. इस अवसर पर संभ्रांत युवा समाज सेवी संगठनों राजनीतिक दलों के नेताओं ने बाबा जी की साथ बीते पलों को साझा किया. बताते चलें कि स्वर्गीय श्री काशीराम बाबा जी वैसे तो दिल से वह कांग्रेसी थे लेकिन सभी दलों में उनको बहुत सम्मान मिलता था. वह 94 साल की उम्र के बाद भी कहीं जाने में थकते नहीं थे. उन्होंने जीवन भर एक कच्चे मकान में अपने बच्चों के साथ बिताया ह. कभी पैसे की कामना नहीं की जो कुछ था संतोष किया और अपने बच्चों को भी यही शिक्षा दी.



श्रद्धांजलि सभा में सदर विधायक राम रतन कुशवाहा ने कहा कि काशीराम बाबा का हाथ हमेशा रहा है, अब हमारा हाथ उनके पुत्र शांत सागर साहू पर रहेगा. पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह बुंदेला, पूरन सिंह बुंदेला, किशोर साहू, दिनेश गोस्वामी, संजय तिवारी, रमेश खटीक, अजय तोमर, अशोक पटेरिया, हरीबाबू शर्मा, घनश्यामदास सेन, संजय ताम्रकार, पत्रकार राहुल जैन, अनिल देवगढ़, राजीव श्रीवास्तव दिनेश शर्मा रविंद्र गुप्ता मौजूद रहे.

### मंदिर में अभिषेक किया

**सागर.** आषाढ़ माह के तृतीय मंगलवार को श्रीदेव डूंठाबली हनुमान जी को गंगा जमुना, सरजू नर्मदा आदि के जल से एवं दूध दही शहद घी आदि से अभिषेक किया गया. भगवान को धोती कुर्ता की पोशाक अर्पण की भगवान का श्रृंगार संतोष सोनी मारुति के द्वारा किया गय. महाभोग में सभी प्रकार के नमकीन के व्यंजनों का भोग भक्तों द्वारा अर्पण किया गया. महा आरती में बद्री प्रसाद शुक्ला, छोटू पंडा, पुजारी राजकुमार तिवारी, अभिषेक सोनी, बृजेश पंडा, अभिनय सोनी शामिल हुए. श्रीराम मारुती धाम मंदिर लहदरा नाका भोपाल रोड सागर में पिता श्री केसरी जी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई. महाभोग मे सभी प्रकार के नमकीनों, व्यंजनो का भोग अर्पण हुआ.

# दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन

## अखिल भारतवर्षीय गोलापूर्व महासभा का आयोजन, बैठक में निर्णय

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा के तत्वाधान मे दिगंबर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन का 21 वां आयोजन अक्टूबर माह की 4 और 5 तारीख को सागर मे किया जा रहा है. यह निर्णय आयोजित बैठक में लिया गया.**

बैठक की अध्यक्षता प्रदीप जैन खाद ने करते हुए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय की घोषणा की. बैठक मे निदेशक मंडल के संतोष जैन घड़ी, डॉक्टर शचीन्द्र मोदी तेंदूखेडा प्रदीप जैन रांधेलीय, महेन्द्र जैन बडागांव, विशेष रूप से उपस्थित रहे.बैठक का संचालन महासभा के महामंत्री चक्रेश जैन शास्त्री ने किया. बैठक में नवागढ और नैनागिरी कमेटी से कार्यक्रम को लेकर प्रस्ताव भी आये. सर्वसम्मति से सम्मेलन सागर मे करने का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही नवागढ मे महासभा का नैमित्तिक सम्मेलन और इंदौर मे क्षमावाणी समारोह के आयोजन की सहमति दी गई.दो दिवसीय सम्मेलन मे विवाह योग्य दिगंबर जैन युवक- युवती की सचित्र जानकारी पर केंद्रित संस्कार पत्रिका मे प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त निर्धारित की गई है. विलम्ब शुल्क सहित 5 सितंबर तक जमा की जा सकती है. दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहले दिन ध्वजारोहण के साथ ही सम्मेलन का शुभारंभ और संस्कार पत्रिका का विमोचन अतिथियो के द्वारा किया जायेगा.

मंच से विवाह योग्य दिगंबर जैन युवक युवती अपना अपना परिचय देगें. दोपहर मे महिला सम्मेलन और चेतना सम्मान समारोह होगा. महासभा का वार्षिक अधिवेशन मे दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान संपन्न होगा. बैठक मे देवेन्द्र जैन लुहारी, जिनेश जैन, महेंद्र जैन, डॉ.अशोक जैन, महेन्द्र जैन, मनीष जैन, सुरेंद्र जैन खुर्देलिया, जिनेश जैन, राजेश जैन, अंकुर जैन, श्रेणिक जैन, दिलीप जैन, अशोक पिडरूआ, रविकांत जैन, विनोद जैन, अशोक फुसकेले, राजकुमार पडेले, प्रेमचंद जैन बरेठी, डॉ. पवन जैन, राजकुमार जैन, अभय जैन, प्रमोद पाटन, जयकुमार दमोह मौजूद थे.

# जिसके पास विश्वास वह संकल्प पूरा कर सकता

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. भाग्योदय तीर्थ में विराजमान मुनिश्री विमल सागर महाराज ने प्रवचनो में कहा कि जिसके पास विश्वास है वह संकल्प पूरा कर सकता है णमोकार मंत्र पढ़ने से पापों की निर्जरा होती है पवित्र,अपवित्र या किसी भी अवस्था में इसे पढ़ा और सुना जा सकता है. णमोकार मन्त्र पापों को नाश करने वाला वाला महामंत्र है.**



मुनिश्री ने कहा कि विधान का सार है दया करना, धर्म दया से विशुद्ध होता है. धर्म का मूल भी दया माना गया है. विश्वास के बल पर कुछ भी प्राप्त किया जा सकता है, णमोकार मंत्र से बड़ा कोई मंत्र न था. न है और ना रहेगा णमोकार मंत्र की महिमा अपरंपार है.

मुनिश्री ने कहा हम हमेशा सत्यमेव जयते को आशीर्वाद देते हैं. दो पक्ष भी हमारे पास आते हैं तो हम हमेशा बराबरी का आशीर्वाद देते हैं, जो सत्य होता है वही जीतता है.

उन्होंने कहा कि हम सबको जैन कुल मिला है, हम पुण्यशाली है भाग्यशाली हैं कि हमें जिनराज और मुनिराज मिले हैं जिसके अंदर विश्वास और आस्था हो जाती है वह परम मंत्र बन जाता है.

# बीना बारह में मुनिश्री की अगवानी



नवभारत न्यूज

**रहली 2 जुलाई. मुनिश्री अभय सागर महाराज विहार करते हुए देवरी से बीना बारहा पहुंचे.**

इस दौरान मुनिश्री अभय सागर महाराज विहार करते हुए देवरी से बीना बारहा पहुंचे. उल्लेखनीय है कि आचार्य विद्यासागर महाराज के निर्मित संघ का गुरु आज्ञा से संचालन कर रहे आचार्य समय सागर के आशीर्वाद से अतिशय क्षेत्र पटनागंज रहली में चातुर्मास करने आ रहे निर्यापक मुनिश्री अभय सागर जी महाराज विहार करते हुए देवरी से बीना बारहा पहुंचे थे.

### सागर मौसम

अधिकतम 29.4 (-4)
न्यूनतम 24.0 (सा.)
आर्द्रता:
सुबह/शाम: 98/85


### NAME CHANGE

I, SANTOSH S/O GANESH PRASAD R/O BETNA, LALITPUR, UTTAR PRADESH-284403 do hereby solemnly affirm declare as under.- That I am citizen of India. That I have changed the name of my minor son Akash aged 16 years and he shall hereafter be known as SAHAB SINGH. That in future my minor son name should be known as SAHAB SINGH. That it is my true statement.

DEPONENT
SANTOSH S/O GANESH
PRASAD R/O BETNA,
LALITPUR, U.P. PIN: 284403